बालाजी के द्वार मुझे नाचन दो | By Pooja Shrivastava

बालाजी के द्वार मुझे नाचन दो
होके मगन मुझे नाचन दो
बालाजी का मेला मुझे नाचन दो
शोभा मुझे बालाजी की देखन दो
नाचन दो, नाचन दो, नाचन दो मुझे आज
बालाजी तोड़ के बंधन नाचन दो

ढोल नगाड़े ज़रा बजने दो
बालाजी की किरपा बरसने दो
चरणों में अर्ज़ी लगाने दो
बालाजी को व्यथा सुनाने दो
मैंने सुना है तेरा बड़ा ही नाम
इसलिए आई हूँ तेरे धाम
नाचन दो, नाचन दो, नाचन दो मुझे आज
बालाजी आज मुझे भी दर्शन दो

रटन लगाऊं मैं तो राम नाम की
आएंगे ज़रूर मेरे हनुमान जी
भजन राम के गाने दो
वीर हनुमान को जगाने दो
कर दो खुशहाल मुझे मेरे धन को
आई हूँ तुम्हारे द्वारे दर्शन दो
नाचन दो, नाचन दो, नाचन दो मुझे आज
बालाजी आज मुझे भी दर्शन दो

सवा मणि बाबा को चढाने दो
बालाजी को भोग लगाने दो
भैरव प्रेत को मनाने दो
भोग दोनों देवो को चढाने दो
आयी हूँ तुम्हारे द्वारे दर्शन को
अब मेरी विपदा तुम ही हरो
नाचन दो, नाचन दो, नाचन दो मुझे आज
बालाजी तोड़ के बंधन नाचन दो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%9a%e0%a4%a8/